प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक-15.10.2025

## जनपद अम्बेडकरनगर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर अकबरपुर महोदया व क्षेत्राधिकारी नगर व थाना को0 अकबरपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना को0 अकबरपुर क्षेत्र अन्तर्गत शहजादपुर में अवैध पटाखा के अवैध भण्डारण को पर छापा मार कर अवैध पटाखों को किया गया बरामद।

जनपद अम्बेडकरनगर में श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अभिजीत आर. शंकर व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (पश्चिमी) श्री हरेन्द्र कुमार के निर्देशन में आगामी त्यौहार दिवाली के दृष्टिगत अवैध पटाखा बिक्रय व भण्डारण के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर अकबरपुर व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय श्री नितीश कुमार तिवारी एवं थाना को0 अकबरपुर के संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 14/15.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर अवधेश कसौधन पुत्र ओमप्रकाश कसौधन नि0 फत्तेपुर पकडी थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर के इन्दर्लोक कालोनी शहजादपुर अकबरपुर मे स्थिति पैतृक निवास पर चेक किये जाने पर 31 बोरी/कार्टून मे 1244.78 किग्रा पटाखा पाया गया जो उक्त आवास पर अबैध रूप से भण्डारण किया गया है उक्त आवास घनी/रिहायसी आबादी मे स्थित है इतनी मात्रा मे विस्फोटक पदार्थ रखना जान व माल के दृष्टिगत अत्यन्त ही गम्भीर/संवेदनशील है उक्त पटाखा को बरामद किया गया । तथा अवधेश कसौधन के पटाखा गोदाम कसौधन फायरवर्क्स जोगापुर मे गोदाम का ताला खोलवाकर चेक किया गया तो गोदाम मे 394 बोरी/कार्टून मे कुल 9022.6 किग्रा पटाखा/विस्फोटक पाया गया जो अनुज्ञा के बिपरीत अधिक मात्रा मे भण्डारण पाया गया । जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । इनके द्वारा अपने पैतृक निवास पर किया गया भण्डारण पूर्णतया अवैध है बरामद पटाखा के सम्बन्ध मे विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### बरामदगी का विवरण

31 बोरी/कार्टून मे 1244.78 किग्रा पैतृक आवास से बरामद

### बरामदगी टीम का विवरण

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर अकबरपुर
क्षेत्राधिकारी नगर अकबरपुर
एफएसओ अकबरपुर
प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पाण्डेय थाना अकबरपुर
उ0नि0 महेन्द्र सरोज चौकी प्रभारी शहजादपुर
उ0नि0 जयप्रकाश यादव चौकी प्रभारी अरिया
मय पुलिस बल के